दिनांकः 05.09.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया।
- प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती और प्रभावी निगरानी के उद्देश्य से चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जोधपुर से संभाग स्तरीय समीक्षा बैठकों की शुरूआत की।
- राज्य में कई स्थानों पर भारी बारिश–अगले 4–5 दिन दक्षिणी और पूर्वी जिलों में कहीं कहीं बहुत भारी बरसात की संभावना।
- जैसलमेर के रामदेवरा में आज से बाबा रामदेव का मेला विधिवत शुरू।

000

पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षक तथा विचारक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष में आज राष्ट्रीय शिक्षक दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर देशभर के शिक्षकों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि आज का दिन युवाओं के विचारों को दिशा देने में शिक्षकों की भूमिका के प्रति आभार व्यक्त करने का है। शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। इनमें प्रदेश के दो शिक्षक श्रीगंगानगर से डॉ. बलजिंदर सिंह बराड़ और बीकानेर से हुकम चंद्र चौधरी भी शामिल हैं। डॉ. बराड़ विद्यार्थियों को कबाड से उपयोगी वस्तुएं बनाने के गुर सिखाते हैं। राष्ट्रपति ने कार्यकम में शिक्षकों से लगातार अध्ययन से जुड़े रहने की अपील करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

......................

शिक्षक दिवस पर प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जयपुर में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महंगे उपकरण और सुविधाओं से स्कूलों का निर्माण नहीं होता बल्कि शिक्षकों की निष्ठा और समर्पण से अच्छे स्कूल बनते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही सच्चे मायने में प्रदेश और राष्ट्र के निर्माता हैं। महिला शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में माता बहनों का भी बड़ा योगदान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार शिक्षा के महत्व को समझते हुए लगातार काम कर रही है और एक के बाद एक कदम उठा रही है।

......................

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को टैबलेट भी वितरित किये।

शिक्षक दिवस के अवसर पर आज राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने "शिक्षक उत्कृष्टता पुरस्कार" दिए। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के जयपुर क्षेत्रीय केन्द्र में भी शिक्षक दिवस मनाया गया। करौली में हुए समारोह में विधायक दर्शन सिंह गुर्जर और हंसराज मीणा ने शिक्षकों को पुरस्कृत किया। वहीं स्कूली बच्चों को टेबलेट दिये गए। अलवर में नयाबास काला कुआं सेक्टर 4 के राजकीय प्राथमिक विद्यालय मे आज शिक्षक दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उनको 11 हजार के चैक भी दिये गये। साथ ही शहर के 69 बच्चों को टेबलेट भी दिये गये। वन मंत्री संजय शर्मा ने इस स्कूल में 5 लाख रुपए की लागत से शौचालय बनवाने की घोषणा की। पाली में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह पीएम श्री बांगड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों को 5100 रूपये की राशि देकर सम्मानित किया गया। सांचौर जिले के चितलवाना में सरकारी कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं निजी और सरकारी स्कूलों में निबंध प्रतियोगिताएं हुई।

सवाईमाधोपुर में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्म में पूर्व राष्ट्रपति एस. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर सांस्कृतिक कार्यक्म आयोजन किये गये। वहीं जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में इंस्पायर अवार्ड योजना में श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों, पूर्व शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिले के भामाशाहों को भी सम्मानित किया गया।

000

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती और प्रभावी निगरानी के उद्देश्य से संभाग स्तरीय समीक्षा बैठकें शुरू की हैं। इसी कड़ी में पहली बैठक आज जोधपुर संभाग में एसएन मेडिकल कॉलेज में आयोजित की गई। बैठक में संभाग के स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन समीक्षा की गई। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री ने इस दौरान कहा कि गांव–ढाणी तक चिकित्सा के ढांचे को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। चिकित्सा विभाग प्रयास कर रहा है कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हर स्तर पर आने वाली समस्याओं का जल्द समाधान हो। साथ ही बजट की और अन्य घोषणाएं समय पर पूरी हों। स्वास्थ्य कार्यक्रमों का पूरा लाभ लोगों को मिले। इसी सोच के साथ

संभाग स्तरीय बैठकें शुरू की गई हैं। जिला स्तर पर भी ऐसी बैठकें करने का प्रस्ताव है। श्री खींवसर ने बैठक में मौसमी बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चिकित्सा मंत्री ने बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाने को भी कहा।

अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए चिकित्सा मंत्री ने अस्पताल परिसर में संवेदनशील स्थानों पर उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे आवश्यक रूप से लगाने के निर्देश दिये।

000

राजस्थान से राज्यसभा उप चुनाव में निर्वाचित भाजपा के रवनीत सिंह बिट्टू ने आज नई दिल्ली में राज्यसभा सांसद की शपथ ली। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने श्री बिट्टू को सांसद की शपथ दिलवाई।

000

शाहपुरा जिले के बीरधोल गांव में आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्वाभिमान, शौर्य, बलिदान और वीरता की अनमोल धरोहर है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने बजट में महाराणा प्रताप से जुड़े विभिन्न स्मारकों को जोड़ने की योजना की घोषणा की है। इससे आने वाली पीढी उनके शौर्य और बलिदान को याद रखेगी।

000

पीएम जनमन यानि प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत बारां जिले ने देश भर में दूसरा स्थान हासिल किया है। जिला कलेक्टर रोहिताश सिंह तोमर ने ये जानकारी देते हुए बताया कि नौ विभागों की 11 योजनाओं को लेकर इस अभियान के तहत काम किया जा रहा है।

अभियान में जिले में 16 हजार आवास स्वीकृत किए गए थे जिनमें साढ़े 3 हजार आवास बन चुके हैं। वही आरडीएसएस के तहत 17 हजार बिजली कनेक्शन देने का लक्ष्य था, अब तक 15 हजार कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसी तरह हर योजना के कार्यों में अच्छी प्रगति हुई है। अभियान के तहत जिले में 23 अगस्त से 10 सितंबर तक आईईसी कैंपेन में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। जिनमें आदिवासी लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

000

प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश का दौर जारी है। बीते 24 घंटों में बूंदी, भीलवाड़ा, करौली, जोधपुर, बाड़मेर, टोंक, जयपुर जिलों में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। बूंदी के नैनवा में सबसे ज्यादा 141 मिली मीटर पानी बरसा है। हालांकि जोधपुर संभाग में पिछले दो दिन में हुई बारिश के बाद आज हालत में सुधार हुए हैं। जोधपुर –जैसलमेर रेल मार्ग पर आज यातायात बहाल हो गया है। भारी

बारिश के कारण इस मार्ग पर पटरियों के नीचे से मिट्टी बहने के कारण रेल यातायात बाधित हो गया था। सवाईमाधोपुर में लगातार बरसात के कारण पानी की अच्छी आवक हो रही है जिससे जिले के एक दर्जन से अधिक छोटे बड़े बांधों पर चादर चल रही है।

भीलवाड़ा शहर सहित जिले भर में आज भी तेज बारिश का दौर जारी रहा। शाहपुरा जिले में लगातार बारिश का दौर जारी हैं। जिले के फूलियाकलां में खारी नदी की पुलिया पर से पानी गुजर रहा हैं। जिससे शाहपुरा केकड़ी मार्ग अवरुद्ध हो गया है। केकड़ी क्षेत्र में भारी बारिश के चलते खारी नदी उफान पर है। सांचोर में आज करीब दो घंटे बादल जमकर बरसे। जिससे सड़कों पर पानी जमा हो गया।

माउंट आबू सहित समूचे सिरोही जिले में आज भी रुक रुक कर बारिश का दौर जारी रहा । इससे नदी नालों में पानी की आवक बनी हुई है। वही माउंट आबू में जगह–जगह झरने बह रहे हैं, जिसका पर्यटक आनंद उठा उठा रहे हैं।

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार राज्य के पूर्वी हिस्सों में अगले 4–5 दिन मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। इस अवधि में दक्षिणी और दक्षिण–पूर्वी जिलों में कहीं–कहीं भारी और बहुत भारी बारिश की प्रबल संभावना है। 10 सितंबर से भारी बारिश में कमी होने के आसार हैं। जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में आगामी तीन दिन मानसून सक्रिय रहने तथा कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है।

000

प्रदेश में मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए किसानों को बाजरा के 7 लाख 90 हजार मिनिकिट मुफ्त बांटे गये हैं। इसी तरह ज्वार के भी 89 हजार बीज मिनिकिट किसानों को मुफ्त दिये गये हैं। इससे राज्य में मोटे अनाज के उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय में भी बढ़ोतरी होगी। कृषि आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी ने ने ये जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में बाजरा की बुवाई 43 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में और ज्वार की बुवाई 6 लाख 60 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में की गई है।

000

जैसलमेर के रामदेवरा में आज से बाबा रामदेव मेले की विधिवत शुरूआत हुई। भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया पर भरने वाले इस मेले में देश–प्रदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मेले में शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये अन्य आवश्यक इंजजाम भी किये गये हैं।

बालोतरा में बाबा रामदेव की विश्राम स्थली और मिनी रामदेवरा के नाम से विख्यात बिठुजा धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पाली के छोटा रूणेचा धाम में भी आज सुबह से भक्तों का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर विशेष श्रृंगार के साथ बाबा की झांकी सजाई गई है और शोभायात्रा निकाली गई।

000

प्रदेश में पोषण माह के तहत जिलों में जागरूकता कार्यक्रम हो रहे हैं। सवाईमाधोपुर में आज बच्चों में बढ़ोतरी को मापने और सत्यापन के लिये कार्यक्रम हुआ। इसके अलावा माताओं को बच्चों की वृद्धि तथा इसके लिए आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी भी दी गई।

000

आयकर रिटर्न दाखिल करने में लापरवाही बरतने वाली सहकारी समितियों को अनिवार्य रूप से रिटर्न दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया जा रहा है। ये समितियां वर्ष 2018—19 से 2023—24 तक के सभी मूल्यांकन वर्षों के लिए रिटर्न दाखिल करने में हुई देरी की माफी के लिए मुख्य आयकर आयुक्त या आयकर महानिदेशक के समक्ष आवेदन दाखिल कर सकेंगी। सहकारिता विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी ने बताया कि सही रिटर्न दाखिल करने के लिए अधिक जानकारी या सहायता रंपचनतण्कपजण्पबप/पदबवउमजंगण्हवअण्पद पर ई—मेल के जरिये ली जा सकती है।

000